# पिकअप पलटने से महिला की मौत

## बंडा थाना अंतर्गत दलपतपुर नया खेड़ा रोड पर मजदूरों से भरा वाहन पलटा, 05 हुए घायल

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अक्टूबर. सागर-छतरपुर मार्ग पर बंडा थाना क्षेत्र के दलपतपुरा नयाखेड़ा रोड पर आज सुबह मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी पलट गई. जिसमें सवार एक महिला की मौके पर ही दबकर मौत हो गई. तो वहीं 35 मजूदर में से पांच गंभीर रुप से घायल हो गए. पुलिस ने चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया है.**



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज बुधवार को सोयाबीन की फसल काटने के उद्देश्य से मुड़ारी गांव की ओर जा रही पिकअप वाहन क्रमांक एमपी जेड एफ 1243 नयाखेड़ा दलपतपुर के बीच अनियंत्रित होकर पलट गई. जिसमें सवार एक महिला रचना अहिरवार निवासी नयाखेड़ा की मौके पर ही दबकर मौत हो गई. जानकारी के अनुसार वाहन में 35 मजदूर सवार थे जिनमें से गंभीर रुप से घायल 5 मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय सागर रैफर किया गया है. अन्य मजदूरों को हल्की चोटें आयी जिनको प्राथमिक उपचार के बाद घर रवाना कर दिया गया है. वाहन में सवार मजदूरों के अनुसार वाहन चालक अत्याधिक शराब में नशे में था और वाहन को लापरवाही पूर्वक चला रहा था. जिसको रोकने का प्रयास भी किया गया मगर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए बंडा अस्पताल भेजा गया. वाहन चालक फरार हो गया.

### जनप्रतिनिधि पहुंचे घायलों को देखने स्वास्थ्य केंद्र

घटना की सूचना मिलने पर बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार और पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि बंडा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होने मेडिकल स्टॉफ को घायलों के उपचार के निर्देश भी दिए. घायलों का हालचाल भी पूछा.

## शस्त्र पूजन व रावण दहन में शामिल होंगे

**सागर.** खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 2 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित विभिन्न दशहरा कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. इस दौरान वह मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए विजयदशमी के पावन पर्व पर शस्त्र पूजन और रावण दहन जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों में शामिल होंगे. मंत्री श्री राजपूत दोपहर 2:30 बजे पुलिस लाइन, में आयोजित शस्त्र पूजन समारोह में भाग लेंगे, इसके बाद शाम 6:00 बजे वे नगर परिषद राहतगढ़ द्वारा दशहरा मैदान, राहतगढ़ में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. शाम 7:00 बजे जनपद प्रांगण, जैसीनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम और रावण दहन समारोह में शामिल होंगे. मंत्री श्री राजपूत ने कहा, विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है.

# तीन सौ करोड़ से बनेगा नपा का नवीन भवन

## दशहरा मेला में मिलेगी सौगात रहली नगर को, भूमिपूजन करेंगे पूर्व मंत्री

नवभारत न्यूज

**रहली 1 अक्टूबर. राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और प्रथम प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्म दिवस और नवरात्रि पर विराट दशहरा मेला के आयोजन अवसर पर नगर पालिका भवन का सर्व सुविधा युक्त भवन का भूमिपूजन होगा जिसकी निर्माण लागत 300 लाख रूपए होगी.**

विजया दशमीं के पावन पर्व पर विराट दशहरा मेला के उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव होंगे. अध्यक्षता नपा अध्यक्ष देवराज सोनी करेंगे. प्रत्येक दुर्गोत्सव समिति जो मेले में नियत समय रात आठ बजे उपस्थिति दर्ज करायेगी उसे नगद 1100/ तथा प्रत्येक अखाड़ा समिति को शील्ड, प्रमाण पत्र, फल के साथ प्रोत्साहन पारितोषक 2100/- भेंट दिये जायेंगे मेले में नियत समय पर सबसे पहले पहुँचने वाली दुर्गोत्सव समिति को विशेष पुरस्कार दिया जावेगा. अखाड़ा में प्रवेश निश्चित ड्रेस में होगा. माँ जगदम्बा के विराजित वाहनों के अतिरिक्त अन्य कोई भी वाहन मेले में प्रवेश पूर्णतः निषेध होगा मेला में बच्चों और महिलाओं के लिए चाट चौपाटी व्यवस्था मेला प्रांगण में पहुँचने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कृषक स्टेडियम में होगी. मेला पहुँच मार्ग एवं मेला प्रांगण में पेयजल व्यवस्था, चलित शौचालय, अग्निशमक दल, विद्युत दल, पुलिस विभाग दल, चिकित्सा दल व्यवस्था भी रहेगी. रावण दहन रंगीन आतिशबाजी के साथ भगवान श्री राम के सजीव पात्र द्वारा किया जावेगा.

## दशहरा चल समारोह

**राहतगढ़.** श्री रामदल उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा पर्व मनाया जाएगा. 2 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से अखाड़ों से शनिचरा बाजार स्थित श्यामलिया जी सरकार मंदिर से दशहरा पर्व चल समारोह शुरू होगा. चल समारोह में रथ पर सवार राम दरबार की संजीव झांकी आकर्षक का केंद्र रहेगी. चल समारोह शनिचरा बाजार से शुरू होकर शुक्रवारा, बनेनीघाट, बुधवारा, झंडा चौक से वापिस होकर दुर्गा चौक पुराना थाना शनिचरा बाजार से होकर शाम 6 बजे दशहरा मैदान पहुंचेगा. जहां भगवान राम लंकापति रावण के 22 फुट लंबे पुतले का दहन करेंगे. अखाड़ों का प्रदर्शन दुर्गा चौक पुराना थाना पर 4 बजे होगा. श्री रामदल समिति उत्सव के पदाधिकारी एवं सदस्यो ने चल समारोह में शामिल होने की अपील की.

## एक नजर में



### फूलबाग मैदान पर गरबा महोत्सव का आयोजन

**गौरझामर.** अखंड नारी जागृति समिति द्वारा फूलबाग मैदान पवन सुत माता मंडल के यहां पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें बुंदेली लोक संस्कृति में लोक गीत, लोक नृत्य, बुंदेली भाषा महत्व पर ध्यान दिया गया एवं विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य नौ देवियों की झांकी का प्रदर्शन किया. प्रतिभागियों के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित प्रत्येक बालिकाओं के लिए अखंड नारी जागृति समिति द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए.



### पाठशालाओं की शिक्षिकाओं का सम्मान

**सागर.** दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर द्वारा वार्षिक अधिवेशन मुनि पूगंव श्री सुधा सागर महाराज के सानिध्य में अशोकनगर में संपन्न हुआ. इस अधिवेशन में श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा संचालित पाठशालाओं की शिक्षिकाओं का सम्मान एवं वार्षिक परीक्षा में उचित स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं का सम्मान कर उपहार दिए गए. मकरोनिया में स्थित श्री वर्णी पाठशाला के बच्चों को उपहार दिया गया एवं शिक्षिका श्रीमती सुनीता रांधेलिया को सम्मानित किया गया.



### पोर्टल पर पंजीयन के लिए विशेष शिविर

**राहतगढ़.** शासकीय महाविद्यालय में स्वयम पोर्टल शिविर आयोजित किया गया. कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रदीप यादव ने बताया कि पोर्टल शिक्षा मंत्रालय की विशेष निशुल्क ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसमे कक्षा 9 से स्नातकोत्तर तक के विद्यार्थियों को विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन जैसे विषयों में निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई गई है. इस अवसर पर श्रीकांत रिंगे, भरत पटेल, ऋतु व्यास, संदीप जैन, आशीष रैकवार, दीपशिखा नेमा, अनीता मालवीय, अपर्णा दुबे, निधि नगाइच, अनिल अहिरवार, कुंदनलाल पटेल, नफीस मकरानी, लखन पटेल, अजय पटेल मौजूद थे.



### मौके पर वाहन का परमिट नहीं मिला

**सागर.** आरटीओ द्वारा दमोह एवं बीना मार्ग पर 42 यात्री एवं अन्य वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान 12 यात्री वाहनों में फस्टएड बॉक्स, रिफ्लेक्ट टेप, व्हीएलटीडी, अग्निशमन यंत्र, एचएसआरपी नम्बर प्लेट, चालक निर्धारित गणवेश में नहीं आदि कमियां पाई गई. 03 अन्य वाहनों के मौके पर वाहन का परमिट एवं फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं पाये गए. इस प्रकार उक्त सभी 15 वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया.

### अहिंसा दिवस पर स्वर्ण कलश से पाद प्रच्छालन

**सागर.** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की समाधि के उपरांत उनके चरणों को सैकड़ो स्थान पर स्थापित किया गया है. विद्योदय तीर्थ क्षेत्र में गांधी जयंती पर आचार्य श्री के चरणों का पाद प्रक्षालन स्वर्ण कलश से किया जाएगा 2 अक्टूबर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है और आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने अहिंसा के लिए दयोदय गौशालाएं खोलने का आशीर्वाद जैन समाज को दिया था. लगभग डेढ़ सौ गौशालाएं देश भर में 100000 से अधिक गायों का संरक्षण कर रही है.

# राशन की हेराफेरी पर नोटिस

नवभारत न्यूज

**रहली 1 अक्टूबर. जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों की जांच लगातार की जा रही है.**

कलेक्टर सागर संदीप जी आर के निर्देश पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रहली द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान गाँधी भंडार गढ़ाकोटा की जाँच कर प्रकरण निर्मित कर अनुविभागीय अधिकारी रहली को प्रस्तुत किया गया जिसमें विक्रेता फिरोज खान व सहायक विक्रेता अवेश खान द्वारा 3 माह के वितरण के स्थान पर 2 माह का वितरण किया जाना पाया गया व खाद्यान्न के अपयोजन करने के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिका 10(4), 11(1), 13(2)एवं 18 का स्पष्ट उल्लंघन व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही करते हुए अपयोजित राशि कुल राशि 277150/- की वसूली हेतु विक्रेता फिरोज खान व सहायक विक्रता अवेश खान को एसडीएम द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है.



मां दुर्गा की आरती

**सागर. बंगाली काली गीता मुखर्जी कम्पाउंड केंट में दुर्गा अष्टमी पर बंगाली समाज की महिलाओं ने विशेष रंग के परिधान में मां दुर्गा की आरती की. इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं.**

## 18 कैदी रिहा होंगे आज

**सागर.** महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर को राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय जेल एवं खुली जेल से आजीवन कारावास के 14 पुरूष +04 महिला कुल 18 दंडित बंदियों को रिहा किया जायेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में रिहाई नीति में आवश्यक संशोधन किया गया है और अब आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को वर्ष में 5 अवसरों पर रिहा किया जाएगा. पूर्व में गणतंत्र दिवस अंबेडकर जयंती स्वतंत्रता दिवस एवं गांधी जयंती पर बंदी रिहा किये जाते थे. किन्तु अब राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस को भी आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को पात्रतानुसार रिहा किया जाएगा.

# विधान के तहत दिग्विजय यात्रा निकली

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अक्टूबर. समोशरण विधान के अवसर पर 5 वें दिन भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा विद्योदय जैन तीर्थ क्षेत्र से प्रारंभ हुई और नगर की प्रमुख मार्गो से निकली.**



मुकेश जैन ढाना ने बताया कि भाग्योदय तीर्थ, रेलवे ओवरब्रिज, राहतगढ़ बस स्टैंड, विजय टॉकीज, नमक मंडी होकर के वर्णी कॉलोनी में समापन हुआ. इस यात्रा में सभी प्रमुख पात्र चक्रवर्ती दिनेश बिलहरा के साथ सौधर्म इंद्र नीरज सीहोरा, कुबेर दीपक जैन, महायज्ञानायक अजित जैन कंदवा और बाहुबली इंद्र सुरेंद्र जैन मालथौन सहित अन्य सभी प्रमुख पात्र बग्गियों में बैठकर के चल रहे थे. जगह-जगह जैन समाज के लोगों ने प्रमुख पात्रों का माला पहनाकर, तिलक लगाकर के स्वागत किया. विधान में बैठे अनेक सौधर्म इंद्र शचिरानी सहित नगर के लोग जुलूस में साथ चल रहे थे.

## 1100 दीपों से आरती

**सागर.** शारदीय नवरात्रि नवमी पर श्री सिद्धेश्वरी धाम एमपीईबी मंदिर परिसर मकरोनिया में 1100 दीप प्रज्ज्वलित कर मातारानी की महाआरती की गयी. आरती में श्रद्धालु अपने घर से घी के दीपक बनाकर लाये और आरती की. मंदिर के आचार्य अवधेश महाराज ने बताया कि नवमी के दिन माता नौ देवियों के सिद्धीदात्री देवी रुप की आराधना की जाती है. मां मातृत्व, आशीर्वाद और आध्यात्मिक शक्ति देने वाली देवी मानी जाती हैं, उनकी पूजा से भक्त भय और संकट से मुक्ति पाते हैं. आरती में पुजारी बद्री प्रसाद दुबे, यजमान देवेन्द्र कुर्मी, राहुल रैकवार, आकाश राठौर मौजूद थे.

# कोचिंग में जागरुकता कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**गौरझामर 1 अक्टूबर. शासकीय कन्या शाला हाईस्कूल में अभिमन्यु अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया. इसका उद्देश्य लैंगिक समानता, महिलाओं के प्रति सम्मान और अपराधों की रोकथाम के प्रति संवेदन शीलता बढ़ाना था.**

गौरझामर थाना प्रभारी नासिर फारुकी ने कोचिंग में लगाए गए शिविर में छात्राओं को अभियान के महत्व से अवगत कराया और विशेष रूप से पुरुषों में लैंगिक समानता तथा एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने पर जोर दिया. इस दौरान शिविर के अंत में सभी उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई.



# नमो उद्यान का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अक्टूबर. नगर निगम द्वारा नरयावली नाका स्थित शमशान घाट परिसर में बनाए जा रहे नमो उद्यान का निरीक्षण एवं पौधारोपण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ.**

विधायक श्री जैन ने निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली. उन्होंने बताया कि उद्यान के लिए चिन्हित स्थान को व्यवस्थित तार फेंसिंग कर मवेशियों से सुरक्षित किया गया है. आकर्षक प्रवेश द्वार भी निर्मित किया गया है.

उद्यान में पीपल, बरगद, नीम, चक्रेसिया, आंवला और कचनार जैसे पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए हैं. विशेष रूप से तुलसी के पौधों के लिए अलग से तुलसी वन विकसित किया जा रहा है. इस उद्यान को मियावाकी पद्धति से विकसित किया जा रहा है. निरीक्षण में निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, जगन्नाथ गुरैया, ननि उपायुक्त एस.एस. बघेल, उपयंत्री दिनकर शर्मा आदि मौजूद थे.

## रजाखेड़ी बजरिया में होगा आज रावण दहन

**सागर.** मकरोनिया में विजयदशमी पर्व पर रजाखेड़ी बजरिया में 61 फुट रावण के पुतले का दहन किया जाएगा. कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है. दशहरा पर्व को आकर्षक बनाने के कार्यक्रम में प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी. आकर्षक आतिशबाजी, क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए अखाड़ा दल का ओजमय प्रदर्शन होगा. राम जानकी झांकी पर्व का प्रमुख केंद्र होगें. नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने इस भव्य आयोजन में नागरिकों से सपरिवार एवं बड़ी संख्या में पधारने आमंत्रित किया है.

# आकर्षक चल समारोह के साथ होगा दुर्गा विसर्जन



नवभारत न्यूज

**सागर 1 अक्टूबर. एसडीएम अमन मिश्रा ने दुर्गा विसर्जन के संबंध में बैठक ली एवं आवश्यक निर्देश दिए.**

एसडीएम श्री मिश्रा ने कहा कि आयोजक निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करें ताकि विसर्जन और चल समारोह सुचारू और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो. आयोजन समिति के सदस्यों नाम, मोबाइल नंबर सूची पुलिस थाने में जमा करें. उन्होने कहा कि आयोजनों में डीजे की आवाज अधिक नहीं होनी चाहिए, विसर्जन स्थल पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित हो. एसडीएम श्री मिश्रा ने कहा कि विसर्जन स्थल पर भीड़ को कंट्रोल करने के लिए आवश्यक बैरिकेटिंग करे, विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश, एंबुलेंस की व्यवस्था करें. इस अवसर पर तहसीलदार संदीप तिवारी आदि भी मौजूद थे.

जिले के विभिन्न विसर्जन स्थलों पर 2 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से अंतिम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों की ड्यूटी लगाई गई है. सभी ड्यूटीकर्मियों को आपदा प्रबंधन उपकरणों सहित तैनात किया जाएगा. विसर्जन स्थलों पर तैनात होमगार्ड/एसडीईआरएफ बल की संपूर्ण जिम्मेदारी ललित कुमार उद्दे डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट, होमगार्ड एसडीईआरएफ रहेंगे.

2 अक्टूबर को दशहरा पर्व के अवसर पर होने वाले दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में जनसमुदाय को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं. निर्देशों के परिपालन में शाम 5 बजे से आवश्यक औषधियों व उपकरणों सहित दो चिकित्सा टीमों की ड्यूटी लगाई गई है. प्रथम टीम कटरा पुलिस चौकी पर तैनात रहेगी एवं द्वितीय टीम लेहदरा नाका पर तैनात रहेगी.

# मेडिकल कॉलेज में टीचर्स डे पर कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अक्टूबर. बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में स्व. डॉ भगवानदीन चौरसिया की जन्म जयंती पर मेडिकल टीचर्स डे मनाया गया.**



उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि डीन डॉ पीएस ठाकुर ने बताया कि अच्छा शिक्षक होना बहुत बड़ी बात है जो कि शिक्षक के ज्ञान से ज्यादा उसके ज्ञान को ट्रांसफर करने की विधा पर निर्भर करता है. मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सर्वेश जैन ने बताया कि डॉ चौरसिया किताब के पहले विदेशी लेखकों की बहुत क्लिष्ट भाषा में किताबें उपलब्ध थी जिसकी वजह से विद्यार्थियों, और ज्यादातर हिंदी माध्यम से पढ़े विद्यार्थी को एनाटॉमी विषय समझ नहीं आता था. डॉ. चौरसिया ने चार वॉल्यूम में सामान्य अंग्रेजी, रेखाचित्रों वाली किताब लिख कर गैर अंग्रेजी भाषी देशों में प्राप्त करी.

कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डा राजेश जैन ने करी. विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप अधीक्षक डॉ एसपी सिंह उपस्थित थे. सचिव डा. अखिलेश रत्नाकर ने आगंतुकों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए आभार प्रकट किया.

# सुगम गायन में हिमांश प्रथम रहे



नवभारत न्यूज

**सागर 1 अक्टूबर. लता मंगेशकर प्रतियोगिता इंदौर में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के छात्र हिमांश खरारे को सुगम गायन में संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ.**

जिसमें स्व. के.जी श्रीवास्तव की गजल प्रस्तुत की. हिमांश सहित सागर संभाग से जीते तीनों प्रतिभागियों के गुरु डॉ.अवधेश प्रताप सिंह तोमर एवं शोधार्थी श्री यश गोपाल श्रीवास्तव से ये संगीत विभाग शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. इस उपलब्धि पर कुलपति यशवंत सिंह ठाकुर, कुलसचिव सत्यप्रकाश उपाध्याय, छात्र अधिष्ठाता प्रो. डीके नेमा, प्रो. अशोक अहिरवार, डॉ बलवंत सिंह भदोरिया ने बधाई प्रेषित की है.

## विशेष ग्राम सभा आज

**सागर.** ग्राम पंचायत में 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा एवं विजयदशमी मिलन समारोह आयोजित होंगे. कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की जा रही भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व दिए गए हैं. उन्हें निर्देशित किया गया है कि इस योजना की विशेषताओं को प्रत्येक स्तर पर प्रचारित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले. योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें.